संगोष्ठी का विषय "वाणिज्य एवं प्रबंध में समकालीन शोध" (Contemporary Research in Commerce Management) रखा गया। संगोष्ठी हेतु इस विषय के चयन का प्रमुख उद्देश्य छात्रों एवं शोधार्थियों को इस क्षेत्र के नये आयामों से अवगत कराना तथा उसे वाणिज्य एवं प्रबंध के पाठ्यक्रमों में कैसे शामिल कर आज उद्योगों और व्यवसायों तथा स्वरोजगार हेतु कैसे प्रेरित किया जा सकता है एवं समाज को कैसे लाभान्वित किया जा सकता है, इसका एक प्रयास था। संगोष्ठी में कुल 243 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया तथा 215 शोध पत्र ऑनलाईन प्राप्त हुये। कुल पंजीकृत प्रतिभागियों में 100 प्रतिभागी प्राध्यापक वर्ग से तथा 143 प्रतिभागी रिसर्च स्कॉलर एवं अतिथि विद्वान थे। प्राध्यापकों के लिए 700/- रूपये प्रति प्रतिभागी तथा शोधार्थियों एवं अतिथि विद्वानों के लिए 500/- प्रति शोधार्थी पंजीयन शुल्क रखा गया था। महाविद्यालय के छात्रों के लिए इस संगोष्ठी में आमंत्रण निःशुल्क रखा गया था। संगोष्ठी में मध्यप्रदेश शासन द्वारा कुल 70,000/- रूपये की सहयोग राशि प्रदान की गई थी। संगोष्ठी में पंजीयन शुल्क के रूप में 1,11,500/- की राशि महाविद्यालय को पंजीयन के रूप में प्राप्त हुई। आय व्ययों का ब्यौरा अंकेक्षक द्वारा प्रमाणित कर रिपोर्ट संलग्न है।

शोध संगोष्ठी का दूसरा उद्देश्य शोधार्थियों को शोध पत्र वाचन का अधिकतम अवसर प्रदान करना था, जिससे उनमें शोध क्षमता विकसित करने की पहल की गई और एक ऐसा प्लेटफार्म प्रदान किया गया, जहां उन्होंने दोनों दिवसों में कुल 4 घंटे तक लगभग 60 शोधार्थियों ने विभिन्न ज्वलंत विषयों पर शोध पत्रों का स्तरीय वाचन किया। संगोष्ठी में कुल 10 उप-विषय रखे गये। मुख्य विषयों में Green Accounting and Green Management, Acquisition & Merger, Women Empowerment Action Plan, Artificial Intellegency, Intellectual Capital, Role of Govt. in Development of Micro, Small & Medium Enterprises इत्यादि विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। छात्रों द्वारा प्रत्येक सत्र में समय पर विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को दूर किया गया। संगोष्ठी में लगभग 50 छात्रों ने प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज कराई। जिनमें भोजन की व्यवस्था मुफ्त की गई।

संगोष्ठी में प्रथम दिवस दिनांक 13.09.2019 को प्रातः 11.00 बजे उद्घाटन सत्र से कार्यक्रम पारम्परिक तरीके से प्रारंभ किया गया। संगोष्ठी की मूल बिन्दु में अकादमिक पैनेलों को ही मुख्य आतिथ्य दिया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. अजय सिंह, कुलपति श्री श्री विश्वविद्यालय कटक, उड़ीसा रहे। जिन्होंने Artificial Intellegency पर अपना 2 घंटे का वक्तव्य समूह-चर्चा तथा प्रश्नोत्तर स्वरूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग भोपाल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. महेन्द्र सिंह रघुवंशी जी रहे। आपने प्रशासनिक सेवाओं के लिए छात्रों को एवं प्राध्यापकों को कैसे प्रोत्साहित किया जा सकता है, इस पर आपने विचार सदन के समक्ष प्रस्तुत कर संगोष्ठी हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। आशा के अनुरूप लगभग 250 से 300 के मध्य प्रतिभागी प्रत्येक दिन उपस्थित रहे।

द्वितीय सत्र इसी दिन भोजन उपरांत 3.00 बजे प्रारंभ किया गया। इसमें डॉ. एस.के. खटीक, पूर्व डीन, वाणिज्य, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का शोध पत्र "How to Development of Micro, Small & Medium Enterprises by Govt. Role" प्रस्तुत किया गया। यह शासन एवं छात्रों दोनों के ही लिए उपयोगी रहा।

इसी दिन तृतीय सत्र शोधार्थियों के लिए शोध पत्रों का वाचन 4.00 बजे से 5.30 बजे तक किया गया, जिसमें 12 शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। इसमें दिल्ली से जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के डॉ. फारूकी, आनंद विहार महाविद्यालय की श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी, शोधरत छात्रा दीपिका रजानी प्रमुख रहीं। विषय विशेषज्ञ डॉ. सी.के. बुटन प्राचार्य, सेंधिया महाविद्यालय तथा अध्यक्षता डॉ. यू.एन. शुक्ला, प्राध्यापक वाणिज्य ने की। सत्र का संचालन डॉ. अनिल शिवानी, प्राध्यापक वाणिज्य ने धन्यवाद के साथ शाम 5.30 बजे प्रथम दिवस का कार्य संपन्न हुआ।

दिनांक 14.09.2019 को प्रातः 11.00 बजे से चतुर्थ तकनीकी सत्र प्रारंभ किया गया, जिसमें सिर्फ शोधार्थियों को शोध पत्र वाचन हेतु समय दिया गया। इस सत्र में 17 शोधार्थियों ने Green Accounting, Women Empowerment, Acquisition and Marger तथा Green Management इत्यादि विषयों पर शोध पत्रों का वाचन किया। इस सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ.

प्रदीप शर्मा, प्राध्यापक वाणिज्य हमीदिया महाविद्यालय तथा अध्यक्षता डॉ. जे.के. परमार प्राध्यापक वाणिज्य हमीदिया महाविद्यालय ने की। सत्र का संचालन डॉ. यू.एल. शुक्ला, प्राध्यापक हमीदिया महाविद्यालय ने किया।

इसी दिन दोपहर 12.30 बजे से 2.00 बजे तक पांचवे तकनीकी सत्र का प्रारंभ किया गया जिसमें कुल 13 शोध पत्रों का वाचन किया गया। इसमें Artificial Intellegency vkSj Intellectual Capital विषय से संबंधित शोध पत्रों का वाचन किया गया। इस सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रजापति, प्राध्यापक के.आर.जी. कॉलेज ग्वालियर तथा अध्यक्षता डॉ. एल.एन. बंसल, प्राध्यापक एल.बी. [illegible] महाविद्यालय ने की। सत्र का संचालन डॉ. एल.के. कुम्हारे, प्राध्यापक वाणिज्य विभाग हमीदिया महाविद्यालय ने किया।

दिनांक 14.09.2019 को भोजन उपरांत 3.00 बजे से समापन सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. आर.जे. राव, कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.के. [illegible] समन्वयक राज्य सेवा योजना, मंत्रालय, भोपाल तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन ने की।

उद्घाटन सत्र में परम्परागत अतिथियों के उद्बोधन के अतिरिक्त शोध संगोष्ठी का उद्देश्य, रूपरेखा इत्यादि पर संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. पुष्पलता चौकसे, विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य ने संगोष्ठी में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए हृदय स्वागत भाषण दिया। सत्र का सफल संचालन महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने किया।

समापन सत्र का प्रारंभ भी प्राचार्य द्वारा अतिथियों के हार्दिक स्वागत से किया गया। बाहर से आये प्रतिभागियों ने संगोष्ठी के संचालन पर अपने मत व्यक्त किये। महाविद्यालय के छात्र कुशल चौहान ने शोध संगोष्ठी के मंथन से निकले निष्कर्षों को प्रतिवेदन के स्वरूप में तैयार कर प्रतिवेदन का वाचन किया।

अतिथियों, प्रतिभागियों तथा महाविद्यालय के अन्य विभागों के सभी उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों, मीडिया बंधुओं और छात्रों का संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. पुष्पलता चौकसे, विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने हृदय से तथा सरल शब्दों में उनके योगदान तथा सहयोग के लिए सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुये उनके प्रति आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समापन सत्र का सफल संचालन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. आर.एस. नरवरिया ने किया। दो दिवसीय संगोष्ठी में वीडियो तथा फोटोग्राफी का कार्य महाविद्यालय के बी.कॉम द्वितीय वर्ष के छात्र उत्कर्ष तथा मयंक द्वारा अतिथि विद्वान [illegible] जूही सूबरा के मार्गदर्शन में किया गया। संगोष्ठी में पंजीयन कार्य को विभाग के सभी अतिथि विद्वानों ने सक्रियता से पूर्ण किया।

राष्ट्रगान के बाद यह दो दिवसीय शोध संगोष्ठी सम्पन्न हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस संगोष्ठी के समापन पर इसे अद्भुत, अकल्पनीय तथा अद्वितीय जैसे शब्दों से परिभाषित कर आयोजक विभाग को प्रोत्साहित किया। संगोष्ठी का समापन पुनः इसी तरह के अन्य आयोजनों की अभिलाषा से किया गया।

छात्रों हेतु संगोष्ठी की उपयोगिता

1. महाविद्यालय में आयोजित इस संगोष्ठी में शामिल उप-विषय वाणिज्य के छात्रों के पाठ्यक्रमों से लिए गये है। अतएव यह छात्रों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। इसके अंतर्गत छात्रों ने शोध पत्र तैयार करना, उनका वाचन करना, विषय पर गहराई से जानकारी प्राप्त करना, चिंतन करना और अच्छे वक्ता के रूप में अपने आप को विकसित करना तथा अपनी जिज्ञासाओं को दूर करने में यह संगोष्ठी लाभदायक है।

2. महाविद्यालय के सभी छात्रों के लिए निःशुल्क आमंत्रण था लेकिन 21 सितम्बर 2019 तक छात्रों को विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में प्रशिक्षणरत होने के कारण अवरोध पैदा नहीं किया गया।

3. प्रत्येक वाणिज्य की कक्षा से 10-10 छात्रों को चयन कर शामिल किया गया। शासन द्वारा मात्र 70,000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई थी। जिसमें 203 पंजीकृत प्रतिभागियों, कर्मचारी एवं मीडियों, आमंत्रित अतिथियों को भोजन की व्यवस्था 2 दिनों तक करना था इसलिए सीमित छात्र संख्या रखी गई।

4. संगोष्ठी का सम्पादन संचालन एवं निष्कर्ष Youtube पर डाल दिये गये है, जिससे सभी छात्र लाभान्वित हो सकें।

## Report of the Seminar

## Contemporary Research in Commerce and Management

A two day Seminar on Contemporary Research in Commerce and Management was organized by the Department of Commerce on 13th and 14th of September 2019, the main objective of the seminar was to acquaint the students with the emerging trends in this sphere and create an atmosphere for research, innovation and exploration in this area and also to inspire the students for self employment.

243 participants were registered for the seminar and 215 papers were received online. The major topics covered were- Green Accounting, Green Management, Acquisition and Merger, Women Empowerment, Action Plan, Artificial Intelligence, Intellectual Capital, Role of Government in Development of Micro, Small and Medium Enterprises, Interactive Sessions were held which broadened the horizon of learning of students and augmented in depth knowledge of the subject.

The Subject expert of the first session after the inaugural function was Dr. Ajay Singh, Vice chancellor of Shree University Cuttack Orissa. The delivered his lecture on artificial Intelligence. Another very important lecture was delivered by Dr. S.K. Khateek ex Dean, Commerce, Barkatullah University, and Bhopal on how to develop micro, small and medium enterprises by government role.

(Dr. Anil Shivani)
Principal

इतिहास विभाग द्वारा आयोजित National seminar 14

History Deptt



www.abdpindia.net पंजीयन सं.—SE/1070/Distt South-East/2016

# अखिल भारतीय दर्शन–परिषद
## All India Philosophy Association
## 64वाँ अधिवेशन

आयोजक— दर्शनशास्त्र विभाग, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल

## प्रतिवेदन

अखिल भारतीय दर्शन–परिषद् के 64वें राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन दर्शन शास्त्र विभाग, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल के तत्वावधान में स्थानीय आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी के परिसर में दिनांक 19—21 अक्टूबर 2019 तक सम्पन्न हुआ।

अधिवेशन का उद्घाटन दिनांक 19 अक्टूबर 2019 को अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार मे प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें म.प्र. के माननीय राज्यपाल श्री लालजी टण्डन मुख्य अतिथि के रूप में आसन की शोभा बढ़ा रहे थे। उद्घाटन की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. संगीत रागी ने की। प्रधान सभापति एवं मुख्यवक्ता प्रो. अभिमन्यु सिंह ने अपना बीजवक्तव्य दिया जबकि विशिष्ट अतिथि प्रो. आर.सी. सिन्हा ने अपना उद्बोधन दिया। मंच पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन ने स्वागत भाषण दिया और परिषद के अध्यक्ष प्रो. जटाशंकर ने सदन से परिषद का विस्तृत परिचय कराया। परिषद के सचिव एवं आयोजन सचिव प्रो. जे.एस. दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा महामंत्री के कर्त्तव्यों का निर्वहन किया। उद्घाटन सत्र में दिये जाने वाले 8 पुरस्कार निम्नानुसार प्रदाय किये गये—

1. **प्रो. श्री प्रकाश दुबे राष्ट्रीय दर्शन पुरस्कार, 2019**— प्रो. रिपुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव, मुजफ्फरपुर
2. **श्रीमती चंपादेवी मुल्तानमल तांतेड़ आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, 2019**— प्रो. सागरमल जैन, शाजापुर
3. **महामहोपाध्याय पण्डित राम प्रसाद त्रिपाठी पुरस्कार, 2019**— महामहोपाध्याय रेवा प्रसाद द्विवेदी, वाराणसी
4. **स्वामी प्रणवानंद दर्शन पुरस्कार, 2019**—प्रो. अम्बिका दत्त शर्मा, सागर, यशदेव शल्य (समग्र) सम्पादन हेतु।
5. **श्री खगेन्द्र सिंह नागर स्मृति पुरस्कार, 2019**— डॉ. सुशिम दुबे, नई दिल्ली, कौटिल्य अर्थशास्त्र हेतु।
6. **डॉ. शकुन्तला सिन्हा दर्शन पुरस्कार, 2019**— डॉ. अशोक कुमार पाण्डे, झाँसी— भारतीय दर्शन में पर्यावरण चेतना हेतु।

Scanned by CamScanner

7. **स्वामी दयानंद निबंध पुरस्कार, 2019**— कु. आयशा फातमा, हजारी बाग
8. **श्रीमती कमलादेवी जैन स्मृति पुरस्कार, 2018**— डॉ. अवनीश चन्द्र पाण्डे (बलिया) को उनके आलेख 'महात्मा गांधी का सत्याग्रह दर्शन : सर्वोदयी दर्शन की अपील'

माननीय राज्यपाल ने अधिवेशन की स्मारिका का विमोचन किया जिसके सम्पादक प्रो. धर्मेन्द्र पारे तथा कम्प्यूटर सहयोगी श्री फिरोज खान मंच पर उपस्थित थे। आयोजन में विशिष्ट सहयोग हेतु श्रीमती प्रज्ञा ऋचा तथा श्री मनु श्रीवास्तव को माननीय राज्यपाल ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। अन्य 5 पुस्तकें तथा परिषद की पत्रिका दार्शनिक त्रैमासिक की प्रथम प्रति माननीय राज्यपाल महोदय को लेखकों तथा सम्पादकों ने भेंट की। इस अवसर पर चित्रकला विभाग के छात्रों द्वारा बनाये गये गांधीजी के पेंटिंग को अवलोकनार्थ माननीय राज्यपाल को प्रस्तुत किया गया जिस पर उन्होंने अपने हस्ताक्षर किये। सम्बोधन एवं उद्बोधन के पश्चात प्रो. विकास जाउलकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा राष्ट्रगान के पश्चात उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ।

म.प्र. शासन संस्कृति विभाग के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा केरल से पधारे स्वामी अद्वयानंद सरस्वती का व्याख्यान हुआ जिसे समस्त श्रोताओं ने सराहा। स्वदेशी एवं स्वराज का दर्शन (गांधी एवं समकालिन चिंतक) विषयक संगोष्ठी में 9 वक्ताओं ने अपना आलेख प्रस्तुत किया। इस सत्र की अध्यक्षता पटना के प्रो. गणेश प्रसाद पाण्डेय ने की तथा रायपुर से पधारी डॉ. रंजना शर्मा ने सहयोगी की भूमिका निभाई। सायंकाल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसका विवरण निम्नानुसार है—

## कार्यकारिणी का कार्यवृत्त

दिनांक 19 अक्टूबर 2019 को अखिल भारतीय दर्शन परिषद की कार्यकारिणी की बैठक स्वर्ण जयंती सभागार आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर जटाशंकर जी ने तथा संचालन का दायित्व निर्वहन परिषद के महामंत्री प्रो. जे.एस. दुबे जी द्वारा किया गया।

बैठक के आरंभ में परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर जटाशंकर जी ने नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों का सदन से परिचय कराया तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया। तदुपरांत परिषद् के महामंत्री प्रो. जे.एस. दुबे जी ने 21 से 23 अक्टूबर 2018 को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय दर्शन परिषद के 63वें अधिवेशन की कार्यकारिणी का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया। इसे कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया। कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यतः निम्न मुद्दों पर चर्चा हुई और तत्संबंधी निर्णय लिये गये—

1. आय—व्यय: परिषद के कोषाध्यक्ष प्रो. दिलीप चारण द्वारा वर्ष 2018—19 के आय—व्यय का चार्टर्ड एकाउन्टेंट से ऑडिटेड लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया तथा परिषद के उत्तरोत्तर विकास हेतु भावी योजनाओं की चर्चा की गई। इसे कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

Scanned by CamScanner

2. प्रधान सम्पादक प्रो. रमेश चन्द्र सिन्हा ने दार्शनिक त्रैमासिक के सम्पादन एवं प्रकाशन की जानकारी दी। तदुपरांत डॉ. शैलेष कुमार सिंह ने दार्शनिक त्रैमासिक के अपग्रेडेशन तथा उसे यू.जी.सी. की केयर लिस्ट में लाने हेतु किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। प्रोफेसर जे.एस. दुबे ने दार्शनिक त्रैमासिक पत्रिका के अलग–अलग अंकों को उसके निश्चित समयावधि में ही प्रकाशित करने का सुझाव दिया जिससे यू.जी.सी. का मानक पूरा करने में आसानी हो।

3. परिषद के महामंत्री प्रो. ज्योति स्वरूप दुबे जी द्वारा 63वें अधिवेशन में प्रारंभ किये गये योग एवं मानव चेतना विभाग हेतु अन्य विभागों की तरह उसमें भी डॉ. विजयश्री युवा पुरस्कार देने का अनुरोध किया जिसे प्रधान सम्पादक एवं इस पुरस्कार के ट्रस्टी द्वारा स्वीकार किया गया और कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया गया।

4. डॉ. श्रीकांत मिश्रा (रीवा) ने बचत खाते से स्थायी कोष बनाने का सुझाव दिया जिस पर प्रो. दुबे ने बताया कि पूर्व के 5,12,000/– की एफ.डी. को Top-Up कर 9,37,000/– की नई एफ.डी. बनवाई गई है।

5. अखिल भारतीय दर्शन परिषद के 65वें अधिवेशन हेतु विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं व्याख्यानमाला से सम्बंधित अध्येताओं के नाम आमंत्रित किये गये जो निम्नानुसार हैं–

6. प्रो. राजकुमारी सिन्हा का नाम 65वें अधिवेशन के प्रधान सभापति हेतु प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

| 1) | विभागीय पत्र वाचन | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| | तर्क और ज्ञान मीमांसा– | प्रो. जे.एस. दुबे, भोपाल |
| | नीति दर्शन– | डॉ. श्यामल किशोर, पटना |
| | धर्म मीमांसा– | डॉ. श्याम रंजन प्रसाद सिंह, हाजीपुर |
| | तत्व मीमांसा– | डॉ. सोहनराज तातेड़, जोधपुर |
| | समाज दर्शन– | डॉ. रंजना झा, मुजफ्फरपुर |
| | योग एवं मानव चेतना– | डॉ. सुशिम दुबे, नई दिल्ली |
| 2) | **संगोष्ठी– आचार्य विनोबा भावे का साम्य दर्शन** | डॉ. ईश्वर चंद्र, खगड़िया<br>डॉ. किरण झा, मुजफ्फरपुर<br>डॉ. विभा रानी, कटिहार<br>डॉ. सूरज प्रकाश गुप्त, देवरिया<br>डॉ. सीमा सिंह, गोपालगंज<br>डॉ. रेणुबाला, मुजफ्फरपुर<br>डॉ. श्रुति मिश्रा, वाराणसी |
| 3) | **संगोष्ठी– भारतीय ज्ञान परम्परा और विज्ञान** | डॉ. धीरेन्द्र शर्मा, देहरादून<br>डॉ. गौरीनाथ राय, पटना<br>डॉ. आलोक टण्डन, हरदोई<br>डॉ. राजीव रंजन सिंह, वाराणसी<br>श्री भरत पटेल, गोधरा<br>डॉ. अनुराधा पाठक, बैतिया<br>डॉ. हरिदत्त त्रिपाठी, वाराणसी (सशर्त) |

| 4) | व्याख्यान मालायें– | |
|---|---|---|
| | डॉ. रमाशंकर श्रीवास्तव तुलनात्मक धर्म– विज्ञान व्याख्यान | डॉ. एम.पी. तिवारी, पटना |
| | परमहंस योगानंद तुलनात्मक धर्मदर्शन व्याख्यान | प्रो. श्रीकांत मिश्र, रीवा |
| | तुलनात्मक धर्म अकादमी व्याख्यान | डॉ. रीता दुबे, भोपाल |
| | वल्लभ वेदांत व्याख्यान | श्री सुनील कुमार दुबे. |
| | स्व.चम्पा देवी– स्व.मुल्तानमल जी तातेड जासोल (राज.) स्मृति व्याख्यान | डॉ. सुधा जैन, वाराणसी |
| | प्रो. संगमलाल पाण्डेय स्मृति व्याख्यान | डॉ. क्षमा तिवारी, इलाहाबाद |
| | स्वामी प्रणवानंद तुलनात्मक दर्शन व्याख्यान | डॉ. नागेन्द्र मिश्र, पटना |
| | महर्षि दयानंद व्याख्यान | डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, वाराणसी |
| | स्वामी नारायण सेश्वर वेदांत व्याख्यान | डॉ. ब्रजभूषण शर्मा, पटना |
| | प्रो. पाण्डेय ब्रह्मेश्वर विद्यार्थी स्मृति विशिष्टाद्वैत व्याख्यान | डॉ. विजयकांत, वाराणसी |
| | अम्बालाल मूलजी भाई पटेल (दादा भगवान) सर्वांगी जीवन विज्ञान दर्शन व्याख्यान | डॉ. नमिता निबालकर, मुम्बई |
| | डॉ. निर्मला कुमारी झा मानवतावाद व्याख्यान | डॉ. प्रदीप खरे, भोपाल |
| | श्रीमती शांति तिवारी स्मृति महाकाव्य सह श्रीमद्भगवतगीता दर्शन व्याख्यान | प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, सागर |
| | स्व. पुन्नीलाल पटेल स्मृति पर्यावरण दर्शन व्याख्यान माला | डॉ. मधुबाला मिश्रा, सिवान |
| | स्व. शशिलेखा मिश्रा स्मृति व्याख्यान | डॉ. राजेश तिवारी, प्रयागराज |
| | हिमगिरि आध्यात्मिक व्याख्यान | डॉ. अनिता महतो, पूर्णिया |

7. प्रो. धर्मेन्द्र गोयल के निधन पर उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि प्रदान की गयी।

अधिवेशन के द्वितीय दिवस दिनांक 20.10.2019 को 6 समानांतर सत्रों में विभागीय पत्र वाचन हुये। अकादमी के मुख्य भवन में विभिन्न कक्षों में क्रमशः तर्क शास्त्र एवं ज्ञान मीमांसा विभाग में 30 पत्र वाचन हुये जिसकी अध्यक्षता डॉ. अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने की एवं डॉ. प्रभा भट्ट ने सहयोग किया। नीति दर्शन विभाग में 28 पत्र पढ़े गये जिसकी अध्यक्षता डॉ. मिथिलेश

Scanned by CamScanner

कुमार, संयोजन डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव एवं सहयोग डॉ. धर्मेन्द्र पारे ने किया। धर्म मीमांसा विभाग की अध्यक्षता डॉ. मठवाले की। डॉ. शीवानी शर्मा ने संयोजन तथा डॉ. प्रदीप शर्मा ने सहयोग किया इस सत्र में 9 पत्र पढ़े गये। तत्वमीमांसा विभाग की अध्यक्षता डॉ. किस्मत कुमार सिंह ने की। डॉ. सविता गुप्ता ने संयोजन किया तथा डॉ. आलोक भावसार के सहयोग से इस सत्र में 25 पत्र प्रस्तुत हुये। समाज दर्शन विभाग की अध्यक्षता डॉ. पूनम सिंह ने की जबकि डॉ. प्रशांत शुक्ला ने संयोजन किया इस सत्र में 18 पत्र पढ़े गये। योग एवं मानव चेतना विभाग में प्रो. राजीव रंजन सिंह अध्यक्ष थे जिनके निर्देशन में 46 शोधपत्र प्रस्तुत हुये इस सत्र का संयोजन डॉ. राजेश्वर यादव ने किया जबकि सहयोग प्रो. अल्पना त्रिवेदी का था।

सांय 5:30 बजे आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित चर्चा हुई—

# आमसभा का कार्यवृत

अखिल भारतीय दर्शन परिषद् की आमसभा की बैठक 20 अक्टूबर, 2019 को अध्यक्ष प्रो. डॉ. जटाशंकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने सभी पार्षदों का स्वागत किया और 64वें अधिवेशन के आयोजन सचिव प्रो. डॉ. जे.एस. दुबे को सफल आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

तदुपरांत सचिव प्रो. डॉ. जे.एस. दुबे ने 63वें अधिवेशन की आमसभा के कार्यवृत का वाचन किया। इस पर पार्षदों के बीच लंबी चर्चा हुई। इस क्रम में सर्वप्रथम डॉ. किस्मत कुमार सिंह (आरा) ने कहा कि गत आमसभा में प्रो. डॉ. जटाशंकर को अध्यक्ष चुना गया था, लेकिन प्रो. डॉ. रजनीश शुक्ल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की बात सदन की भावना के विपरीत है। प्रो. राजीव रंजन सिंह (वाराणसी) ने कहा कि डॉ. किस्मत कुमार सिंह (आरा) की बात बिलकुल सही है लेकिन यदि अध्यक्ष ने किन्हीं परिस्थितियों में कोई निर्णय ले लिया है तो हमें उसका सम्मान करना चाहिये। अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जटाशंकर ने कहा कि आमसभा में उनके ऊपर भरोसा जताया था और उन्हें एक महती जिम्मेदारी दी थी। उन्होंने अपने समझ के हिसाब से एक कार्यकारिणी का गठन किया है यदि इसमें कोई गलती हुई है तो उसे सुधार लिया जायेगा लेकिन कार्यकारिणी को उसका कार्यकाल पूरा करने दिया जाए। इस पर सदन ने सहमति जताई।

डॉ. अवनीश चंद्र पाण्डेय ने कहा कि दार्शनिक त्रैमासिक में एक खास प्रांत के लेखों की अधिकता है। अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जटाशंकर ने कहा कि जहां का प्रतिनिधित्व ज्यादा है वहीं के लेखों का ज्यादा प्रकाशित होना स्वाभाविक है।

अंततः सदन ने गत आमसभा के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

सचिव ने 19 अक्टूबर 2019 की कार्यकारिणी की बैठक का कार्यवृत प्रस्तुत किया और उसमें कुछ छूटे हुए बिन्दुओं को भी जोड़ा। ये बिन्दु हैं—

1. शांति तिवारी गीता दर्शन सह महाकाव्य व्याख्यान 2019 से शुरू की गई है। अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जटाशंकर इसके प्रथम वक्ता के रूप में कल अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।
2. 2019 से डॉ. शकुंतला सिन्हा दर्शन पुरस्कार भारतीय दर्शन या नीतिशास्त्र की किसी एक पुस्तक पर दिया जायेगा।
3. इसी वर्ष डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, वाराणसी ने 40 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागियों के योग एवं मानव चेतना विभाग में सर्वश्रेष्ठ पत्र पर स्व. लाल बहादुर स्मृति युवा पुरस्कार, जिसकी पुरस्कार राशि रूपये 1100/— होगी, प्रारंभ करने का प्रस्ताव दिया है।

आमसभा ने उक्त तीनों बिन्दुओं सहित कार्यकारिणी के कार्यवृत को सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया।

डॉ. प्रवीण पाण्डेय ने सुझाव दिया कि आमंत्रण पत्र में एक निर्देशिका छपनी चाहिए। सचिव ने कहा कि वेबसाइट पर निर्देशिका उपलब्ध है सभी सदस्य नियमित रूप से वेबसाइट के सम्पर्क में रहें। उन्होंने बताया कि परिषद के लगभग 1912 आजीवन सदस्य हैं। सभी सदस्य अपना एवं अन्य लोगों का मोबाईल एवं ईमेल अपडेट करने में सहयोग करें।

इस आशय का निर्णय लिया गया कि बगैर प्राथमिक सदस्यता के किसी भी व्यक्ति को कोई जिम्मेदारी नहीं दी जायेगी।

65वाँ अधिवेशन: अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जटाशंकर ने बताया कि परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष सह महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. (डॉ.) रजनीश कुमार शुक्ल ने वहीं 65वाँ वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने ई—मेल पर प्राप्त कुलपति के पत्र को भी पढ़कर सुनाया। इस पर सभी पार्षदों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि परिषद् का 65वाँ वार्षिक अधिवेशन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा (महाराष्ट्र) में होगा।

डॉ. राजेश तिवारी, इलाहाबाद ने इंटरमीडिएट में दर्शनशास्त्र की पढ़ाई शुरू करने हेतु प्रयास करने की जरूरत बताई। सचिव डॉ. जे.एस. दुबे ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व उत्तर भारत दर्शन परिषद् के इलाहाबाद सम्मेलन में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया है कि इंटरमीडिएट में दर्शनशास्त्र की पढ़ाई शुरू हो।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में दर्शनशास्त्र की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यहाँ 27 वर्षों में एक पोस्ट पर बहाली निकली है। उन्होंने कहा कि वे आमसभा के प्रस्ताव के आलोक में महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति महोदय को यह प्रस्ताव देंगे कि इंटरमीडिएट में दर्शनशास्त्र की पढ़ाई शुरू हो।

Scanned by CamScanner

अनेक लोगों ने कहा कि शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं अतिथि व्याख्याताओं का पंजीयन शुल्क कम किया जाए। डॉ. पूनम सिंह, पटना ने कहा कि स्थाई प्राध्यापकों का पंजीयन शुल्क बढ़ा दिया जाए, लेकिन शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं अतिथि व्याख्याताओं का पंजीयन शुल्क कम रहे। डॉ. रजनी सिन्हा, जलगांव ने बताया कि उन्होने अपने प्रयास से अपने यहाँ महाराष्ट्र तत्वज्ञान परिषद् एवं अ. भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् का सम्मेलन कराया। इसके बाद वहाँ विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी। उन्होने विद्यार्थियों को रोजगार भी दिलाया।

डॉ. श्याम रंजन सिंह ने कहा कि बिहार में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। कार्यक्रम में भी बिहार की अत्याधिक भागीदारी रहती है। इसलिए बिहार का ज्यादा लेख छपना लाजिमी है।

डॉ. विवेक पाण्डेय, वाराणसी ने कहा कि कार्यकारिणी में आए सभी सुझावों को आमसभा में लाया जाए। डॉ. राजकुमारी सिन्हा, राँची ने कहा कि पूरे झारखण्ड में दर्शनशास्त्र की स्थिति सुदृढ़ है। दर्शनशास्त्र के विद्यार्थी किसी न किसी रोजगार को पाने में सक्षम हो रहे हैं।

श्रीकांत मिश्र, रीवा ने कहा कि मध्यप्रदेश में दर्शनशास्त्र की स्थिति काफी खराब है। हमारे स्नातकोत्तर विभागों में पहले 3–5 बच्चे होते थे। लेकिन इस बार से स्नातक की पढ़ाई शुरू हुई है, उसमें 28 बच्चों का नामांकन हुआ, इसका सुखद प्रभाव स्नातकोत्तर के नामांकन पर भी पड़ा। उन्होने कहा कि कार्यकारिणी एवं आमसभा की चर्चाओं को कार्यवृत में शामिल किया जाना चाहिए। पंजीयन शुल्क का निर्धारण परिषद करे– इसे आयोजन सचिव पर नहीं छोड़ा जाए। डॉ. श्याम मोहन पाण्डेय ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय में कार्यरत हैं और वहाँ अंग्रेजी पढ़ाते हैं लेकिन वे दर्शनशास्त्र को बढ़ावा देने हेतु प्रयासरत हैं।

डॉ. निर्मला झा, मुजफ्फरपुर ने कहा कि 2007 में प्राथमिक स्तर पर दर्शनशास्त्र को पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें काफी अच्छी चर्चा हुई थी। उन्होने इस बात पर दुख प्रकट किया कि चर्चाओं को आगे नहीं बढ़ाया जाता है। उसका प्रचार–प्रसार नहीं हो पाता है। उन्होने व्याख्यानमालाओं के संबंध में एक गाइडलाईन निर्धारित करने और उसे सभी सदस्यों एवं कम से कम दाता को इसकी सूचना होनी चाहिये।

अध्यक्ष डॉ. जटाशंकर ने कहा कि सभी सदस्यों के सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होने सक्रिय भागीदारी हेतु सभी पार्षदों के प्रति आभार व्यक्त किया। गत वर्ष दिवंगत हुए सदस्य धर्मेन्द्र गोयल एवं अन्य को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

अंत में राष्ट्रगान के साथ आमसभा की कार्यवाही संपन्न हुई।

ज्ञान संसद में भोपाल के प्रख्यात साहित्यकार, लेखक, लोक परम्परा के सशक्त हस्ताक्षर एवं वाणी के धनी डॉ. कपिल तिवारी का व्याख्यान हुआ जिसका विषय था ज्ञान एवं संस्कृति। तत्पश्चात द्वितीय दिवस की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

तृतीय दिवस दिनांक 21.10.2019 को पूर्वान्ह में 3 समानांतर सत्र हुये जिनमें प्रथम सत्र भारतीय भाषा दर्शन (प्राचीन एवं अर्वाचीन) था। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. सोहनराज तातेड़ ने की जबकि सहयोग डॉ. पी.के. खरे ने किया इस सत्र में 9 वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। 2 अन्य समानांतर सत्रों में व्याख्यान मालाओं का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. अभिमन्यु सिंह ने की जिनका सहयोग डॉ. अवनिश पाण्डे ने किया। इस सत्र में विभिन्न 7 व्याख्यान हुये जिन्हें वरिष्ठ आचार्यों ने अपना मत व्यक्त किया। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता की प्रो. डी.आर. भण्डारी ने की जिनका सहयोग डॉ. विश्वामित्र पाण्डे ने किया। इस सत्र में भी विभिन्न विषयों पर 7 व्याख्यान दिये गये। भोजनोपरांत समापन सत्र आयोजित हुआ।

अकादमी भवन के जी—24 कक्ष में अपरान्ह 3:00 बजे अधिवेशन का समापन सत्र आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन ने की। मुख्य अतिथि भोपाल नर्मदापुरम उच्च शिक्षा संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एम.एस. रघुवंशी। मंच पर प्रधान सभापति प्रो. अभिमन्यु सिंह, परिषद के अध्यक्ष प्रो. जटाशंकर तथा आई.सी.पी.आर. के अध्यक्ष प्रो. आर.सी. सिन्हा भी विराजमान थे। संचालन महासचिव प्रो. जे.एस. दुबे ने किया। पुष्पगुच्छ से अतिथियों के स्वागत के पश्चात प्रो. जे.एस. दुबे ने आई.सी.पी.आर. के सदस्य सचिव प्रो. के. रत्नम के शुभकामना संदेश का वाचन किया जिसका उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। समापन सत्र में दिये जाने वाले अनेक पुरस्कार प्रदाय किये गये तथा उपस्थित श्रोताओं से अधिवेशन के संबंध में उनका मत जाना गया। लगभग सभी ने एक स्वर से अधिवेशन की व्यवस्थाओं की सराहना की तथा सर्वश्रेष्ठ बताया। मुख्य अतिथि प्रो. महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में दर्शन एवं विज्ञान को परस्पर पूरक बताया। अध्यक्ष प्रो. पी.के. जैन ने अधिवेशन की सफलता पर खुशी जाहिर की तथा अतिथियों का आभार जताया। परिषद की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जटाशंकर ने दिया तथा आयोजन सचिव प्रो. जे.एस. दुबे ने विभिन्न समितियों के सदस्यों तथा अन्य आगत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

(डॉ. जे.एस. दुबे)
आयोजन सचिव
64वें अधिवेशन एवं
महासचिव
अखिल भारतीय दर्शन—परिषद्


अखिल भारतीय दर्शन-परिषद् (1956)
64वाँ अधिवेशन, 19 से 21 अक्टूबर, 2019
उद्घाटन समारोह
19 अक्टूबर 2019


अखिल भारतीय दर्शन-परिषद्
64वाँ अधिवेशन, 19 से 21 अक्टूबर, 2019
REDMI NOTE 5 PRO


अखिल भारतीय दर्शन-परिष
64 वाँ अधिवेशन, 19 से 21 अक्टूबर, 2
समारोह
2019

